श्री लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय
(केन्द्रीय विश्वविद्यालय)
बी-४ कुतुब सांस्थानिक क्षेत्र, नई दिल्ली-११००१६

दिनांक: 29.09.2021

क्रमांक:एफ-3/08/एलबीएस/शै०/2021-22/ 666

## कार्यालयीय सूचना

**विषय: शैक्षणिक सत्र २०२१-२२ के लिए निर्धारित समय-सारिणी के सम्बन्ध में।**

विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के दिशा-निर्देशो के अनुपालन में शैक्षणिक सत्र 2021-22 में विश्वविद्यालय द्वारा संचालित पाठ्यक्रमों को सुचारु रूप से संचालनार्थ सक्षम अधिकारी द्वारा गठित समय-सारिणी समिति के निर्णयानुसार शैक्षणिक सत्र 2021-22 के लिये समय सारिणी हेतु निम्नलिखित संस्तुतियाँ पारित गई हैं :-

1. विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा प्रेषित दिशानिर्देशों के अनुसार कोविड-19 वैश्विक महामारी से उत्पन्न परिस्थितियों को संज्ञान में लेते हुए तथा छात्रों के स्वास्थ्य हित को ध्यान में रखते हुए शैक्षणिक सत्र 2021-22 के सभी पाठ्यक्रमों में पंजीकृत छात्रों का अध्ययन-अध्यापन ऑनलाईन के माध्यम से किया जायेगा।

2 संबंधित विभागों द्वारा विभागीय समय-सारिणी के अनुसार ऑनलाईन (गूगलमीट क्लास) के द्वारा छात्रों की कक्षाओं का संचालन संबंधित निर्धारित पाठ्यक्रम के अनुसार किया जायेगा। गूगलमीट द्वारा ऑनलाइन के माध्यम से अध्यापन की रिकार्डिंग करना और उसका लिंक छात्रों को उपलब्ध कराना अनिवार्य होगा, जिससे कि छात्र आवश्यकतानुसार रिकार्डेड व्याख्यान को अध्ययन कर सकें।

3 विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के दिशानिर्देशों के अनुसार शैक्षणिक सत्र 2021-22 में अध्ययन अध्यापन हेतु 6 कार्य दिवस (सोमवार से शनिवार तक)/ समय सारिणी के अनुसार कक्षाओं का संचालन करना अनिवार्य होगा।

4 प्रत्येक विभाग के अध्यापकों को निर्धारित समय सारिणी के अनुसार पाँच घण्टे प्रति दिन अध्ययन अध्यापन एवं शोध-कार्यो में संलग्न रहना अनिवार्य होगा। प्रत्येक कक्षा का कालांश 60 मिनट का होगा।

5 प्रत्येक अध्यापक द्वारा ली गई कक्षाऐं एवं छात्रों की उपस्थिति निर्धारित प्रपत्र के अनुसार प्रत्येक माह की उपस्थिति आगामी माह के एक सप्ताह के भीतर संबंधित पीठ-प्रमुख/विभागाध्यक्ष से संस्तुत करवाकर शैक्षणिक विभाग को प्रेषित करना अनिवार्य होगा। उपस्थिति निर्धारित समय पर शैक्षणिक विभाग को प्रेषित न करने के कारण विभाग के छात्र-छात्राओं को छात्रवृत्ति समय पर भुगतान नहीं होने की स्थिति में संबंधित विभाग/अध्यापक उत्तरदायी होगें।

6 निर्धारित समय सारिणी के अनुसार किसी विशेष परिस्थिति के कारण संबंधित अध्यापक द्वारा कक्षा नहीं लेने की स्थिति में संबंधित विभागाध्यक्ष को सूचित करना अनिवार्य होगा ताकि संबंधित विभागाध्यक्ष द्वारा कक्षा के संचालन हेतु किसी अन्य विभागीय अध्यापक की ड्यिूटी लगाई जा सके ताकि पाठ्यक्रम को पूर्ण करने में किसी प्रकार की असुविधा उत्पन्न न हो।

7 कोविड-19 महामारी से उत्पन्न परिस्थितियों के कारण छात्रों के स्वास्थ्य हित को ध्यान में रखते हुए अध्ययन अध्यापन ऑनलाईन माध्यम से किया जायेगा। प्रत्येक कक्षा में पंजीकृत छात्रों को संगणक विभाग द्वारा शैक्षणिक ईमेल आईडी प्रेषित किया जायेगा। सभी विभागों के अध्यापकों द्वारा ऑनलाईन कक्षा का लिंक छात्र की शैक्षणिक ईमेल आईडी पर ही भेजा जायेगा। छात्र को उक्त शैक्षणिक ईमेल आईडी के अनुसार ही ऑनलाईन माध्यम से अध्ययन के लिए जुड़ना होगा। छात्र द्वारा अपनी शैक्षणिक ईमेल आईडी अन्य को शेयर करने पर उसके विरुद्ध नियमानुसार कार्यवाही की जायेगी।

8 प्रत्येक विभाग अपने विभाग से संबंधित प्रथम सेमेस्टर तथा द्वितीय सेमेस्टर की समय सारणी का विवरण तैयार करे जिसमें संबंधित अध्यापक का नाम प्रश्न पत्र संख्या, प्रश्नपत्र विवरण व्हाट्सप मोबाईल नम्बर तथा कालांश अवधि स्पष्ट रूप से अंकित करना जरूरी है।

9 विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा समय-समय पर जारी दिशानिर्देशों एवं विश्वविद्यालय की विद्या परिषद् द्वारा लिये गये निर्णयों को विश्वविद्यालय में यथावत् लागू किया जायेगा। जिन्हें सभी विभागों द्वारा पालन करना अनिवार्य होगा।

10 शिक्षा मंत्रालय/विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा समय-समय पर जारी दिशा-निर्देशो के अनुपालन में विश्वविद्यालय द्वारा लिये गये निर्णयों का अनुपालन करना अनिवार्य होगा।

यह सूचना सक्षम अधिकारी की स्वीकृति के अनुसार जारी की जा रही है।

**संलग्नः- समय सारिणी २०२१-२२**

सहायक कुलसचिव (शैक्षणिक)

**प्रतिलिपि सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।**

1. समस्त पीठ प्रमुख/ समस्त विभागाध्यक्ष
2. छात्रावास अधिष्ठाता
3. निदेशक, आन्तरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ
4. उपकुलसचिव (परीक्षा एवं शैक्षणिक)
5. सहायक पुस्ताकालयाध्यक्ष
6. संगणक विभाग को इस आशय से प्रेषित कि वे सूचना को वेबसाइट पर अंकित करवाने का कष्ट करें।
7. कार्यालय आदेश पत्रावली

सहायक कुलसचिव (शैक्षणिक)

## पूर्व में निर्धारित पाठ्यक्रम के अनुसार शास्त्री द्वितीय एवं तृतीय वर्ष

| समय | १०:००-११:०० | ११:००-१२:०० | १२:००-०१:०० | ०१:००-०२:०० | ०२:००-०३:०० | ०३:००-०४:०० | ०४:००-०५:०० |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| कक्षा | प्रश्न पत्र विवरण | प्रश्न पत्र विवरण | प्रश्न पत्र विवरण | | प्रश्न पत्र विवरण | प्रश्न पत्र विवरण | प्रश्न पत्र विवरण |
| द्वितीय वर्ष (तृतीय सेमेस्टर) (सेक्सन ए.+बी.) | मूल पाठ्यक्रम (1-6) सोमवार से शनिवार | मूल पाठ्यक्रम (1-6) सोमवार से शनिवार | मौलिकचयनात्मक (1-6) (समाजशास्त्र / राजनीतिविज्ञान / हिन्दी / अंग्रेजी) सोमवार से शनिवार | भोजन अवकाश | मूल पाठ्यक्रम (1-6) सोमवार से शनिवार | कौशलवृद्धि संगणक (1-2) सोमवार से शनिवार | अनिवार्य हिन्दी (1-2) संस्कृत भाषा कौशल (3-4) सोमवार से शनिवार |
| द्वितीय वर्ष (चतुर्थ सेमेस्टर) (सेक्सन ए.+बी.) | मूल पाठ्यक्रम (1-6) सोमवार से शनिवार | मूल पाठ्यक्रम (1-6) सोमवार से शनिवार | मौलिकचयनात्मक (1-6) (समाजशास्त्र / राजनीतिविज्ञान / हिन्दी / अंग्रेजी) सोमवार से शनिवार | | मूल पाठ्यक्रम (1-6) सोमवार से शनिवार | संस्कृत भाषा कौशल (3-4) सोमवार से शनिवार | अनिवार्य अंग्रेजी (1-2) कौशलवृद्धि संगणक (3-4) सोमवार से शनिवार |
| तृतीय वर्ष (पंचम सेमेस्टर) (सेक्सन ए.+बी.) | मानवाधिकार (1-6) (NC) सोमवार से शनिवार | हिन्दी (1-2) सोमवार से शनिवार | मूल पाठ्यक्रम (1-6) सोमवार से शनिवार | | मूल पाठ्यक्रम (1-6) सोमवार से शनिवार | डी.एस.सी.-1 (1-6) सोमवार से शनिवार | डी.एस.सी.-2 (1-6) सोमवार से शनिवार |
| तृतीय वर्ष (षष्ठ सेमेस्टर) (सेक्सन ए.+बी.) | मूल शिक्षा (1-6) (NC) सोमवार से शनिवार | अंग्रेजी (1-2) सोमवार से शनिवार | मूल पाठ्यक्रम (1-6) सोमवार से शनिवार | | मूल पाठ्यक्रम (1-6) सोमवार से शनिवार | डी.एस.सी.-3 (1-6) सोमवार से शनिवार | डी.एस.सी.-4 (1-6) सोमवार से शनिवार |

१. प्रत्येक पत्र हेतु ०६ क्रेडिट निर्धारित किये गये हैं।

२. प्रत्येक कक्षा के कालांश की अवधि ६० मिनट की होगा।

३. स्वशास्त्रसम्बद्धवैकल्पिक-पाठ्यक्रमः( **Discipline Specific Elective (DSE) Sanskritam (S)** ) के ४ प्रश्नपत्र होंगे। विकल्प के रूप में संस्कृतम् को रखा गया है। पंचम एवं षष्ठ सेमेस्टर में दो-दो पत्रों का अधोलिखित में से स्वेच्छित चयन करना होगा।

१) साहित्यम्, २) व्याकरणम्, ३) दर्शनम्, ४) वैदिकसाहित्यम्, ५) ज्योतिषम्, ६) धर्मशास्त्रम्,
७) वास्तुशास्त्रम्, ८) पौराणिकसाहित्यम्, ९) प्राकृतम्

श्री लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय
(केन्द्रीय विश्वविद्यालय)
बी-४ कुतुब सांस्थानिक क्षेत्र, नई दिल्ली-११००१६

## शास्त्री समय-सारिणी २०२१-२२ (छः कार्य दिवस के अनुसार)

## शास्त्री प्रथम वर्ष, प्रथम एवं द्वितीय सेमेस्टर राष्ट्रीय शिक्षा नीति २०२० के अनुरूप तैयार पाठ्यक्रम के अनुसार।

| समय | १०:००-११:०० | ११:००-१२:०० | १२:००-०१:०० | ०१:००-०२:०० | ०२:००-०३:०० | ०३:००-४:०० | ०४:००-०५:० |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| कक्षा | प्रश्न पत्र विवरण | प्रश्न पत्र विवरण | प्रश्न पत्र विवरण | भो ज न | प्रश्न पत्र विवरण | प्रश्न पत्र विवरण | प्रश्न पत्र विवर |
| प्रथम वर्ष (प्रथम एवं द्वितीय सेमेस्टर) (सेक्सन ए.+बी.) | प्रायोगिकं संस्कृतव्याकरणम् (प्रथमपत्रम्) (1-3) सोमवार से बुधवार<br>हिन्दी भाषा साहित्य (पञ्चमपत्रम्) (4-6) गुरुवार से शनिवार | स्वशास्त्रं तदीयं संस्कृतञ्च (सरलमानक-संस्कृतमाध्यमेन) (चतुर्थपत्रम्) (1-3) सोमवार से बुधवार<br>संस्कृतवाङ्मयस्य (लौकिकस्य वैदिकस्य च) सामान्यः परिचयः (षष्ठपत्रम्) (4-6) गुरूवार से शनिवार | Basic English Language Grammar & Applications. (तृतीयपत्रम्) (1-3) सोमवार से बुधवार<br>Computer Application Compulsory. (सप्तमपत्रम्) (4-6) गुरूवार से शनिवार | अ व का श | संस्कृतभाषानुप्रयोगः (द्वितीयपत्रम्) (1-3) सोमवार से बुधवार<br>संचार कौशल-व्यक्तित्व विकास पाठ्यक्रम (Communication Skill and Personality Development.) (अष्टमपत्रम्) (4-6) गुरूवार से शनिवार | एन.सी.सी. (सैद्धान्तिक) (नवमपत्रम्) (1-3) सोमवार से बुधवार<br>एन.सी.सी. (प्रशिक्षण) (नवमपत्रम्) (4-6) गुरूवार से शनिवार | ट्यूटोरियल |

1. प्रत्येक पत्र हेतु ०४ क्रेडिट निर्धारित किये गये हैं।
2. प्रत्येक कक्षा के कालांश की अवधि ६० मिनट की होगा।

} नवीन पाठ्यक्रम के अनुसार